राजस्थान पत्रिका उदयपुर . मंगलवार . 16.09.2014

# महाराणा मेवाड़ सम्मान समारोह के लिए प्रविष्टियां मांगी

**उदयपुर**

udaipur@patrika.com

तैंतीसवां महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन वार्षिक अलंकरण समारोह अगले साल 22 मार्च को होगा। इसमें विश्व, देश, राज्य व अंचल स्तर पर समाजसेवा, विज्ञान, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन ने इसके लिए 29 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं।

समारोह संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि आवेदन पत्र फाउंडेशन की वेबसाइट www.eternalmewar.in/collaboration/awards/download.a से डाउनलोड किए जा सकेंगे। साथ ही उदयपुर में सिटी पैलेस के बड़ी पोल स्थित काउंटर पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन निःशुल्क लिए जा सकेंगे। सम्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ प्रदान करेंगे। फाउंडेशन अब तक 3955 विभूतियों का सम्मान कर चुका

## ये दिए जाएंगे सम्मान

समारोह में कर्नल जेम्स टॉड सम्मान, हल्दी घाटी सम्मान, हकीम खां सूर सम्मान, महाराणा उदयसिंह सम्मान, पन्नाधाय सम्मान, महर्षि हारित राशि सम्मान, महाराणा मेवाड़ सम्मान, महाराणा कुंभा सम्मान, महाराणा सज्जनसिंह सम्मान, डागर घराना सम्मान, राणा पूंजा सम्मान, अरावली सम्मान, भामाशाह सम्मान, महाराणा राजसिंह सम्मान, महाराणा फतहसिंह सम्मान 2012-13 एवं 2013-14 के लिए प्रदान किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थी वर्ग में भामाशाह सम्मान, महाराणा राजसिंह सम्मान, महाराणा फतह सिंह दिए जाएंगे।